# इंदौर के बाद स्वच्छता में देपालपुर का होगा कायाकल्प

- आज से ही नगर निगम और परिषद का दल काम शुरू करेगा - महापौर
- इंदौर नगर निगम और देपालपुर नगर परिषद के बीच एमओयू साइन




नव भारत न्यूज

**इंदौर.** इंदौर नगर निगम अब स्वच्छता में देपालपुर नगर परिषद को संवारने का काम करेगी. यह काम आज से ही नगर निगम द्वारा शुरू कर दिया जाएगा. देपालपुर विधानसभा नगर पालिका को 100 दिन में साफ सुधरा बनाने का लक्ष्य तय किया गया है. इसके लिए आज केंद्रीय मंत्री की वर्चुअल उपस्थिति में इंदौर नगर निगम और देपालपुर नगर परिषद के बीच एमओयू साइन किया गया.

इस वर्ष भारत सरकार ने स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता सुपर शहर को एक अन्य शहर या गांव को संवारने की जिम्मेदारी लेने निर्णय किया था. उक्त निर्णय को लेकर देश में स्वच्छता सिरमौर इंदौर ने अपने नजदीकी विधानसभा क्षेत्र देपालपुर को भी स्वच्छता में नंबर वन बनाने का जिम्मा उठाया है. आज सिटी बस कार्यालय में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की वर्चुअल मौजूदगी में नगर निगम और देपालपुर नगर परिषद के बीच एमओयू हस्ताक्षर किए गए. केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि देशभर में जो शहर लगातार स्वच्छता में नंबर वन बन रहे हैं, उनके मॉडल को अब अन्य शहरों में लागू किया जा रहा है. इंदौर को प्रारंभिक चरण में पांच शहरों को मार्गदर्शन देने की जिम्मेदारी दी जाएगी. इस मौके पर स्थानीय विधायक मनोज पटेल, जिला अध्यक्ष चावड़ा, देपालपुर परिषद अध्यक्ष अनीता पुरी गोस्वामी, एमआईसी सदस्य अश्विनी शुक्ला, अभिषेक बबलू शर्मा, राजेश उदावत, देपालपुर परिषद सीएमओ सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे.

> एमओयू साइन करने के बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है. अगले 100 दिनों में देपालपुर को स्वच्छ नगर परिषद बनाने का संकल्प लिया गया है. यह सिर्फ 100 दिन की योजना नहीं है, बल्कि लंबे समय तक स्वच्छता अभियान में ठहरने वाली योजना को भी लागू किया जाएगा. आज दोपहर 3 बजे देपालपुर में स्वच्छता अभियान को लेकर बैठक होगी. इसके बाद निगम और परिषद का संयुक्त दल काम शुरू कर देगा.

# धर्म के ठेकेदार नफरत फैला रहे हैं : दिग्विजय सिंह

- जैसे आई लव राम ,कृष, शिव और वैसे ही आई लव मोहम्मद



नव भारत न्यूज

**इंदौर. देश में धर्म के ठेकेदार नफरत फैला रहे है. हर काम को सांप्रदायिकता का रंग देकर मुस्लिमों को निशाना बनाया जा रहा है. उनकी रोजी रोटी छीनी जा रहा है. पुलिस द्वारा इस मामले में कारवाई नहीं करना, घोर निंदाजनक है.**

यह बात पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय ने पत्रकारों से कही. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आज मीडिया से मुखातिब हुए. उन्होंने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि इंदौर में एक विधायक पुत्र द्वारा मुस्लिम समुदाय के लोगों को नौकरी और उनके काम से बेदखल करने का दबाव बनाया जा रहा है. उक्त मामले को लेकर बयान भी दिया है. मुसलमानों के लिए जिहादी शब्द का प्रयोग कर के धर्म के ठेकेदार देश में नफरत फैला रहे है. जिहाद का मतलब आप गूगल पर जाकर देखेंगे, तो उस जज्बे से है, बुराइयों को दूर करें. आजकल एक नया चल गया है कि आई लव मोहम्मद, आई बुराई क्या है? जिस तरह मैं खुद हिंदू तो आई लव राम, आई लव कृष्ण, आई लव शिव, आई लव विष्णु और बुद्धिष्ट है तो आई लव गौतम, जैन है तो आई लव महावीर. दिग्वजय सिंह ने कहा कि सबसे पहले हम भारतीय है और धर्म बाद में है. संविधान को समझा बिना उक्त मुद्दे को नहीं समझा जा सकता है. धर्म के नाम पर देश में सांप्रदायिक रंग देकर मुस्लिमों को निशाना बनाया जा रहा है. कुछ भी मुद्दा हो मुसलमानों को जेहादी बता दिया जाता है. पुलिस कमिश्नर द्वारा कानूनी कारवाई नहीं करना, घोर आपत्तिजनक बात है. इस बात का मुझे दुख है.

**आठ साल जमकर टैक्स वसूली की**- दिग्विजय सिंह ने जीएसटी स्लैब कम करने को लेकर कहा कि 8 साल तक जनता से जमकर टैक्स वसूली की. कार्पोरेट पर नरमी रखी गई. कांग्रेस शुरू से ही उक्त जीएसटी स्लैब का विरोध कर रही थी कि यह गलत तरह से लागू और टैक्स स्लैब जनविरोधी है. अब भाजपा नेताओं से दिवाली गिफ्ट का प्रचार करवाया जा रहा है. उन्होंने कैलाश विजयवर्गीय के आपत्तिजनक बयान पर कहा कि कैलाश अब बिगड़ चुके है. उनको भाई बहन और रिश्तों में भावनाओं की कद्र नहीं है. मैंने उनको महापौर रहते मदद की थी, ताकि इंदौर का विकास हो. एमवाय अस्पताल चूहा कांड पर दिग्विजय ने कहा कि 1993 मैंने चूहे खत्म करने करवाई की थी. भाजपा ने वापस चूहे पैदा कर दिए. वोट चोरी करने का कांग्रेस दावा कर रही है और राहुल गांधी ने तो वोट चोरी का खुलासा कर दिया. बता दिया को ईवीएम में कैसे वोट चोरी की जा रही है. मेरा मानना है कि चुनाव मतदान पत्र से ही होना चाहिए.

## शीतलामाता मंदिर जाने से रोका



आज दोपहर में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शीतलमाता मंदिर जाने से पुलिस ने रोक दिया. इतना ही नहीं व्यापारियों से बात भी नही करने दी. दरअसल दिग्विजयसिंह आज विधायक पुत्र द्वारा मुस्लिमों को नौकरी से निकालने वाले बयान को लेकर यूकेजी बाजार में पहुंचे थे. पुलिस ने नहीं जाने दिया तो दिग्विजय सिंह पैदल ही सराफा थाने विधायक पुत्र पर एफआईआर और करवाई करने का आवेदन देने पहुंचे. उनके साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे. इस दौरान एक दुकानदार ने दिग्विजय सिंह को बताया कि मेरा यह तो सभी कारीगर मुस्लिम है और त्यौहार के समय कैसे काम करेंगे.

# दिग्विजय सिंह की जनहित याचिका पर सुनवाई टली

***अगली तारीख 10 नवंबर***

नव भारत न्यूज

इंदौर. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने को लगी याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई टल गई. इसका कारण यह है कि सुनवाई एक लिए रेगुलर बेंच नहीं थी. अगली तारीख 10 नवंबर को सुनवाई होगी.

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आज अपनी जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए उपस्थित हुए थे. आज उनकी सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और राम मंदिर के नाम पर जबरन चंदा वसूली करने को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई होना थी, जो टल गई. ध्यान रहे कि पूर्व मुख्यमंत्री ने 2021 में साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने को लेकर यह याचिका लगाई थी. जनहित याचिका में बताया गया था है कि याचिकाकर्ता राम मंदिर के निर्माण का विरोध नहीं कर रहे हैं. मगर राम मंदिर के नाम पर जबरन चंदा वसूली पर रोक लगाई जाना चाहिए. राम मंदिर निर्माण को लेकर धन संग्रह के लिए इंदौर, उज्जैन, धार, मंदसौर जिलों में निकली गई रैलियों में कई स्थानों पर साम्प्रदायिक हिंसा हुई. खुफिया विभाग पहले ही आशंका व्यक्त कर चुका था कि रैलियों के दौरान साम्प्रदायिक हिंसा हो सकती है,

## एक नजर में

### दो दिवसीय आनंद मेले का समापन



इंदौर. श्री श्री सारबो जनिन दुर्गा पूजा समिति द्वारा 97वे शरदोत्सव के तहत बंगाली स्कूल एंड क्लब परिसर में आयोजित 2 दिवसीय आनंद मेले का शनिवार रात्रि को समापन हो गया. कंवेनर रबिशंकर रॉय चौधरी और अध्यक्ष रंजन डे सरकार ने बताया कि आनंद मेले में समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. दूसरे दिन भी बंगाली व्यजनों के स्टाल्स पर स्वाद के शौकीनों के भीड़ उमड़ी. भापा इलिज से लेकर माचेर चाप, चिकन करी सहित मिष्ठि दोही, लान्छा गुलाब जामुन की खूब मांग रही. अन्य स्टालों पर भी भीड़ रही. सचिव असित गांगुली और सह सचिव अपूर्व चौधरी ने बताया कि रविवार को महाषष्ठी पर देबी दुर्गा का मायके में आगमन हो रहा है इसलिए सभी और खुशी का माहौल है। स्वागत की जोरदार तेयारिया चल रही है. रविवार सुबह 7 .30 बजे श्री श्री दुर्गा देबी, शताब्दी कल्पारंभ और षष्ठी बिहित पूजा होगी. सुबह 10 बजे इंटर स्कूल ड्राइंग कॉम्पिटिशन होगी, जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चे बड़ी संख्या में भाग लेंगे. शाम, 6 .30 बजे देबी बोधन, आमंत्रण एंड अधिवास के कार्यक्रम होंगे. रात्रि 9 बजे से कोलकता के श्रीजक ग्रुप की ओर से नृत्य प्रस्तुति दी जायेगी.

### सर्वेश्वर महादेव गरबा मंडल द्वारा सम्मान समारोह

इंदौर. पंचवटी कॉलोनी में सर्वेश्वर महादेव गरबा मंडल के तत्वावधान में सम्मान समारोह एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. भाजपा नेता कैलाश चौहान द्वारा पंचवटी कॉलोनी का पूर्ण विकास कराया गया है. उनका एकमात्र लक्ष्य कॉलोनी का समुचित विकास है. इसी प्रकार जयदीप पटेल एवं सुषमा पटेल (पटेल दंपत्ति) अब तक 3083 सांप पकड़कर कॉलोनीवासियों की सेवा कर चुके हैं. यह दंपत्ति हर समय सेवा भाव से तत्पर रहता है. वहीं पंडित दीपेश शर्मा एवं उनकी टीम, सर्वेश्वर महादेव मंदिर समिति के माध्यम से गणेश चतुर्थी, जन्माष्टमी एवं नवरात्रि जैसे पर्वों का आयोजन करती है, जिससे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण और भी सशक्त बनता है. इन सभी सेवाभावी कार्यों को ध्यान में रखते हुए गली नंबर 6 के निलेश पाराशर, पुष्पेंद्र तिवारी, संतोष मेहता, प्रद्युम्न जैन, अशोक गुप्ता एवं दीपक शर्मा ने संयुक्त रूप से कैलाश चौहान, पटेल दंपत्ति, पंडित दीपेश शर्मा तथा सर्वेश्वर महादेव समिति के सदस्यों का सम्मान किया.



### स्पर्धाओं के विजेताओं को मिले पुरस्कार



इंदौर. नव चेतना महिला संगठन के तत्वावधान में पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन के जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में रवीन्द्र नाट्य गृह में ' ऐ दिल लाया है बहार, अपनों का प्यार ' शीर्षक कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया। समाज के अनेक विशिष्ट अतिथियों ने शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन कर उन्हें पुरस्कृत भी किया. महोत्सव का शुभारंभ अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के प्रमुख संरक्षक विनोद अग्रवाल, अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल, प्रवेश अग्रवाल सौम्या, महेश मित्तल, रामदास गोयल, राजेश कुंजीलाल गोयल, किशोर गोयल, जगदीश बाबाश्री, नारायण अग्रवाल, गणेश गोयल, शैलेष गर्ग, अरविंद वेल्यूअर एवं ओमप्रकाश बंसल पंप के आतिथ्य में दीप प्रज्ज्वलन के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ।महिला संगठन की ओर से अध्यक्ष शशि ऐरन, कविता गोयल, परिधि, अर्चना अग्रवाल, सुनीता पाटनी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। महोत्सव में फायर लेस कुकिंग, परात पर रंगोली बनाने, साबूदाने से ज्वेलरी बनाने एवं थ्री डी आर्ट जैसी दिलचस्प स्पर्धाएं संपन्न हुई हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिला एवं युवती प्रतिभागियो ने भाग लिया. संध्या को 6 से 12 वर्ष आयु वाले बच्चों के लिए रेम्प वॉक, महिला कपल्स के लिए ' रब ने बना दी जोड़ी ' कार्यक्रम में, देरानी-जेठानी एवं सास-बहू तथा नंनद-भौजाई ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. इस अवसर पर समाजसेवी टीकमचंद गर्ग, विष्णु बिंदल, पवन सिंघानिया, अविनाश ओएस्टर, अजय ईजिओ, अरविंद बागड़ी, आकाश अग्रवाल सहित अनेक बंधु विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए और प्रतिभागियों तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया.

### पत्रकार राहुल देव का व्याख्यान आज



इंदौर. सामाजिक सांस्कृतिक संस्था सेवा सुरभि द्वारा 28 सितम्बर को सुबह 9.15 बजे से साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में देश के प्रख्यात पत्रकार राहुल देव के व्याख्यान का आयोजन रखा गया है. गांधी जयंती की पूर्व बेला में श्री देव वैश्विक ङ्क राष्ट्रीय- धार्मिक कटुताएं और गांधी दर्शन जैसे प्रासंगिक विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे. संस्था सेवी सुरभि की ओर से ओमप्रकाश नरेड़ा, अनिल त्रिवेदी, कुमार सिद्धार्थ, अतुल शेठ एवं रंगकर्मी संजय पटेल ने बताया कि शुभारंभ प्रसंग पर पद्मभूषण पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन एवं सांसद शंकर लालवानी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे.

### मध्य भारत में विस्तार कर रही अशोक लेलैंड



इंदौर. हिंदुजा समूह की प्रमुख भारतीय कंपनी अशोक लेलैंड, मध्य प्रदेश और मध्य भारत के बड़े हिस्से में अपनी मौजूदगी बढ़ा रही है. कंपनी इस क्षेत्र की शानदार आर्थिक वृद्धि, बुनियादी ढांचे के विकास में तेज़ी और वाणिज्यिक वाहनों की बढ़ती मांग का लाभ उठाना चाहती है, ताकि उसकी बाज़ार उपस्थिति बढ़े और इस क्षेत्र की विशिष्ट परिवहन ज़रूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके. अशोक लेलैंड के एलसीवी बिज़नेस के प्रमुख विप्लव शाह ने कहा मध्य प्रदेश के साथ-साथ मध्य भारत क्षेत्र हमेशा से हमारे लिए प्रमुख बाज़ार रहा है. हमारी एलसीवी रेंज पांच प्रमुख मूल्य- अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ माइलेज, पेलोड, लोडिंग दायरा, आराम और विश्वसनीयता - प्रदान करती है. अशोक लेलैंड का अपटाइम गारंटी प्रोग्राम भरोसा और उद्योग में पहली बार 5 साल, 2 लाख किमी की वारंटी हमारे ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और दर्शाती है. अशोक लेलैंड ने फिलहाल मध्य भारत में 21 डीलरों के साथ साझेदारी की है. कंपनी 90 से ज़्यादा सर्विस वर्कशॉप का परिचालन करती है और मध्य भारत में 600 से ज़्यादा अशोक लेलैंड प्रशिक्षित तकनीशियन के साथ सक्रिय परिचालन कर रही है. कंपनी यह सुनिश्चित कर रही है कि हर 50 किलोमीटर पर एक सर्विस टचपॉइंट उपलब्ध हो.

### एवरेस्ट बेटर किचन क्यूलिनरी चैलेंज सीज़न 7 का आयोजन

इंदौर. स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, इंदौर में एवरेस्ट बेटर किचन क्यूलिनरी चैलेंज सीज़न 7 का आयोजन किया गया. इस अवसर पर प्रतिष्ठित गणमान्य अतिथि, हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के अग्रणी विशेषज्ञ, संकाय सदस्य एवं उत्साही छात्र-शेफ उपस्थित रहे. यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को एक सशक्त राष्ट्रीय मंच प्रदान करती है, जहाँ वे अपने व्यावसायिक कौशल को निखार सकते हैं, रचनात्मकता और नवाचार को अपना सकते हैं तथा अंतरराष्ट्रीय अवसर प्राप्त कर सकते हैं. इस पहल के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए एकता भार्गव, पब्लिशर, बेटर किचन, ने कहा हमारा उद्देश्य छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना और भारतीय रीजनल फ़ूड को ग्लोबल लेवल पर उसके असली स्वाद और पहचान के साथ आगे बढ़ाना है. उन्होंने बताया कि इस बार भी चैलेंज का थीम फ्लेवर ऑफ़ इंडिया रखा गया है, जो सीज़न 1 से लगातार चल रहा है. इसका मकसद भारत की समृद्ध क्यूलिनरी हेरिटेज को संजोना, युवाओं को हेल्दी रीजनल क्यूज़ीन्स अपनाने के लिए प्रेरित करना और क्यूलिनरी टूरिज़्म को प्रोत्साहित करना है.










